खाटू आया जब से

खाटू आया जब से, तेरा इतना प्यार मिला,
खाटू आया जब से, तेरा इतना प्यार मिला,
मुझे श्याम प्रेमियों का, ऐसा परिवार मिला,
मुझे श्याम प्रेमियों का, ऐसा परिवार मिला.......

जीवन भर भूलूं ना, एहसान तेरा बाबा,
तेरे नाम से ही मुझको, पहचान मिली बाबा,
खुश किस्मत हूं मुझको, तुझ सा सरकार मिला,
मुझे श्याम प्रेमियों का, ऐसा परिवार मिला,
खाटू आया जब से, तेरा इतना प्यार मिला,
मुझे श्याम प्रेमियों का, ऐसा परिवार मिला.......

इस दुनिया में बाबा, औकात क्या थी मेरी,
करामात करी तूने, ना करी जरा देरी,
हारे के सहारे जो, तेरा दरबार मिला,
मुझे श्याम प्रेमियों का, ऐसा परिवार मिला,
खाटू आया जब से, तेरा इतना प्यार मिला,
मुझे श्याम प्रेमियों का, ऐसा परिवार मिला.......

हर ग्यारस पे बाबा, तेरे दर आती रहूं,
मैं भजन सुना करके, तुझे श्याम रिझाती रहूं,
तुम से मैं करूं बातें, इतना अधिकार मिला,
मुझे श्याम प्रेमियों का, ऐसा परिवार मिला,
खाटू आया जब से, तेरा इतना प्यार मिला,
मुझे श्याम प्रेमियों का, ऐसा परिवार मिला.......

यूं तो दर लाखों हैं, ना दर खाटू जैसा,
जब साथ मेरे तुम हो, मुझको फिर डर कैसा,
कोई भीमसेन को ना, तुम सा दातार मिला,
मुझे श्याम प्रेमियों का, ऐसा परिवार मिला,
खाटू आया जब से, तेरा इतना प्यार मिला,
मुझे श्याम प्रेमियों का, ऐसा परिवार मिला.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30028/title/khatu-aaya-jab-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |